गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 20.03.2014 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 20.03.2014 को सायं 04:30 बजे प्रशासनिक भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

01.	डॉ0 एम.एस.के. खोखर, कुलपति	अध्यक्ष
02.	प्रो0 ए.के. सक्सेना	सदस्य
03.	प्रो0 एस.एस.सिंह	सदस्य
04.	प्रो0 प्रतिभा जे. मिश्रा	सदस्य
05.	प्रो0 एस.के. चतुर्वेदी	सदस्य
06.	प्रो0 जी.के. पात्रा	सदस्य
07.	डॉ0 अनुपमा सक्सेना	सदस्य
08.	डॉ0 भारती अहिरवार	सदस्य
09.	डॉ0 मनीष श्रीवास्तव	सदस्य
10.	डॉ0 मोनिका भदौरिया	सदस्य
11.	डॉ0 प्रवेश दलई	सदस्य
12.	प्रो0 एस.वी.एस. चौहान	सदस्य
13.	प्रो0 प्रदीप शुक्ला	सदस्य
14.	प्रो0 ए.एस. रणदिवे	विशेष आमंत्रित
15.	प्रो0 पी.के. बाजपेयी	विशेष आमंत्रित
16.	प्रो0 आई.डी. तिवारी, कुलसचिव (कार्यवाहक)	सचिव

बैठक के प्रारंभ में कुलपति जी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् बैठक प्रारम्भ हुई।

विषय क्र.-01. **विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 30.10.2013 के कार्यवृत्त की संपुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 30.10.2013 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

विषय क्र.-02. **विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शुल्क संरचना पर पुनर्विचार।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने अंकित किया कि विदेशी छात्र/छात्राओं के शुल्क पुनरीक्षण हेतु गठित समिति की बैठक दिनांक 11.03.2014 में विदेशी छात्र/छात्राओं हेतु प्रस्तावित शुल्क संरचना जिसे शैक्षणिक सत्र 2013-14 के लिए विद्यापरिषद द्वारा मान्य किया गया है, को शैक्षणिक सत्र 2014-15 एवं उसके आगे के शैक्षणिक सत्रों के लिए यथावत् लागू किये जाने की अनुशंसा समिति द्वारा की गई है।

निर्णय लिया गया कि विदेशी छात्रों के लिये शुल्क के निर्धारण हेतु गठित समिति की उपरोक्त अनुशंसा को मान्य किया जाय।

यह भी निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक सत्र 2013-14 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए निर्धारित शुल्क संरचना को शैक्षणिक सत्र 2014-15 में यथावत् लागू रखा जाय। शैक्षणिक सत्र 2015-16 एवं आगामी वर्षों में शुल्क संरचना के निर्धारण हेतु समिति गठित की जा कर प्रतिवेदन स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। समिति में सदस्यों के नामांकन हेतु कुलपति महोदय को अधिकृत किया जाता है।

विषय क्र.-03. **श्री वासुदेव प्रसाद, विदेशी छात्र-कम्प्यूटर साईन्स प्रथम वर्ष को हिन्दी विषय में छूट प्रदान करने पर विचार।**

निर्णय लिया गया कि श्री वासुदेव प्रसाद विदेशी छात्र कम्प्यूटर साईस, प्रथम वर्ष को हिन्दी विषय में छूट प्रदान किये जाने का प्रस्ताव अमान्य किया जाय।

विषय क्र.-04. **बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर 2012-13 के छात्र को सत्र 2013-14 की ATKT परीक्षा में सम्मिलित किए जाने के संबंध में।**

निर्णय लिया गया कि बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर 2012-13 के छात्र सिद्धार्थ कुमार ठाकुर को प्रश्न पत्र Elements of Economics में नियमानुसार ए.टी.के.टी. की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाय।

विषय क्र.-05. **एम.एससी. द्वितीय सेमेस्टर कम्प्यूटर साईस (2012-13) के छात्र को सत्र 2013-14 की ATKT परीक्षा में सम्मिलित किए जाने के संबंध में।**

निर्णय लिया गया कि एम.एससी. कम्प्यूटर साईस द्वितीय सेमेस्टर 2012-13 के छात्र श्री विजय कुमार को Computer System Architecture प्रश्न पत्र में नियमानुसार ए.टी.के.टी. की परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाय।

विषय क्र.-06. **प्री पी.एचडी. कोर्स वर्क वनस्पति शास्त्र के परीक्षा के परिणाम के संबंध में।**

निर्णय लिया गया कि पी.एचडी. अध्यादेश के प्रावधानानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु विभागाध्यक्ष को सूचित किया जाय।

विषय क्र.-07. **अध्ययनशाला इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नालॉजी के विषयों के प्री पी.एचडी. कोर्स वर्क परीक्षा के परिणाम के संबंध में।**

निर्णय लिया गया कि अन्य अध्ययनशालाओं में निर्धारित परीक्षा योजना के अनुसार ही अध्ययनशाला इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नालॉजी विषयों के प्री पी.एचडी. कोर्ष वर्क परीक्षा के परिणाम घोषित किये जाय।

विषय क्र.-08. **विलम्ब शुल्क से छूट प्रदान करने विषयक।**

निर्णय लिया गया कि बी.एस.डब्ल्यू. प्रथम सेमेस्टर द्वितीय प्रयास के विदेशी छात्र श्री डेनियल सिप को विलम्ब शुल्क से छूट प्रदान किये जाने संबंधी विचारार्थ प्रस्तुत प्रस्ताव को अमान्य किया जाता है।

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण पर विचार

अ.अ.विषय क्र.-01. विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश सूचना पत्र 2014-15 के प्रारूप अनुमोदन पर विचार करना।

निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक सत्र 2014-15 में प्रवेश हेतु समिति द्वारा गठित सूचना पत्र के प्रारूप का अनुमोदन किया जाय।

यह भी निर्णय लिया गया कि समिति द्वारा प्रवेश परीक्षा के आयोजन हेतु प्रस्तावित तिथि (18, 19, 20 मई, 2014) का पुनः निर्धारण करते हुए प्रवेश परीक्षा का आयोजन दिनांक 23 मई, 24 मई एवं 25 मई, 2014 को किया जाय।

अध्यक्ष एव उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक सम्पन्न हुई।

कुलपति/अध्यक्ष

कुलसचिव (कार्यवाहक)